IMC
Chamber of Commerce and Industry

# इंडियन मर्चेन्ट्स चेम्बर–लेडीज़ विंग

## ग्रामीण महिला उद्यमी के लिए

## २९वें जानकीदेवी बजाज पुरस्कार–२०२२ हेतु
## नामांकन आमंत्रित करते हैं

### पुरस्कार

• रु.१०,००,०००/– की धनराशि • प्रशस्ति पत्र • प्रमाण पत्र

IMC-LADIES' WING JANKIDEVI BAJAJ PURASKAR
FOR WOMAN RURAL ENTREPRENEUR-2022
29 YEARS





# २९वां आईएमसी-लेडीज़ विंग जानकीदेवी बजाज पुरस्कार - २०२२

आईएमसी लेडीज़ विंग **ग्रामीण व्यवसाय एवं उद्योग विकास** के क्षेत्र में योगदान देने वाली **भारतीय महिला उद्यमी** के योगदान की सराहना एवं प्रशंसा करने के लिए **'२९ वां आईएमसी लेडीज़ विंग जानकीदेवी बजाज पुरस्कार-२०२२'** के लिए नामांकन आमंत्रित करते हैं.

**पुरस्कार के अंतर्गत रु.१०,००,०००/- की धनराशि, प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है .**

## मानदंड :

- नामांकित महिला का भारतीय होना अनिवार्य है.
- उस महिला द्वारा व्यावसायिक उद्यमशीलता के लिए असाधारण कार्य किया होना चाहिए, जिससे ग्रामीण भारत को उन्नत करने हेतु लाभ पहुंचा हो.
- उम्मीदवार ग्रामीण, शहरी या आदिवासी भारत से हो सकता है.

पुरस्कार समारोह जनवरी २०२३ के दूसरे सप्ताह में मुम्बई में आयोजित होगा.

हम योग्य महिला उद्यमियों का नामांकन आमंत्रित करते हैं. स्व-नामांकित आवेदन पत्र भी स्वीकार किए जाएँगे.

*महिलाओं में ग्रामीण उद्योग उद्यमशीलता की भावना जगाने के लिए एक बदलाव लाएँ.*

## नामांकन भरने की अंतिम तिथि :

नामांकन विवरण बताए गए प्रारूप में, **मंगलवार, ३० अगस्त, २०२२** तक या उससे पहले आईएमसी लेडीज़ विंग के कार्यालय में पहुँच जाने चाहिए.

यदि आप और अधिक विवरण जानना चाहते हैं, तो कृपया उपनिदेशक, आईएमसी-लेडीज़ विंग - टेलीफोन नं +९१ ९८२०९९५३७५ से संपर्क करें या ladieswing@imcnet.org पर मेल करें.

हम महिलाओं और ग्रामीण सशक्तिकरण के उद्देश्य हेतु आपसे सहयोग और प्रोत्साहन की उम्मीद करते हैं.

रोमा सिंघानिया

रोमा सिंघानिया
**अध्यक्ष (२०२२-२०२३)**
**आई.एम.सी. - लेडीज़ विंग**

राधिका नाथ

राधिका नाथ
**अध्यक्ष**
**जानकीदेवी बजाज पुरस्कार समिति**

## स्थापना :

आईएमसी, जिसकी स्थापना १९०७ में हुई थी, इसमें १९६६ से स्थापित लेडीज़ विंग बहुत ही सक्रिय है. सामाजिक जागरूकता के प्रसार के फोरम के रूप में स्थापित विंग भारतीय महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक गतिशील संस्था बन चुकी है.

आईएमसी लेडीज़ विंग जानकीदेवी बजाज पुरस्कार १९९३ में श्रीमती जानकीदेवी बजाज (१८९३-१९७९) की जन्मशती के अवसर पर उद्यमशीलता के क्षेत्र में किए गए ठोस कार्यों को समर्थन, सहयोग और सम्मान हेतु ग्रामीण भारत के साथ निकटस्थ संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से संस्थापित किया गया था.

अपने पति श्री जमनालाल बजाज का अनुकरण करते हुए, श्रीमती जानकीदेवी बजाज ने गांधीवादी जीवन अपनाया, उन्होंने खादी सहित ग्रामीण उद्योग के माध्यम से ग्रामीण उत्थान का प्रचार किया, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रियता से भाग लिया और जेल के कष्ट भी सहे. वे परोपकरी और मितव्ययी महिला के रूप में जानी जाती थीं, वे दृढ़संकल्पित किन्तु सहृदय थीं और स्व-निर्मित महिला थीं. गोसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए वे १९४२ से कई वर्षों तक अखिल भारतीय गोसेवा संघ की अध्यक्ष रहीं. श्रीमती बजाज को ग्रामीण भारत के लिए उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए वर्ष १९५६ में पद्मविभूषण प्रदान किया गया था.

## हमारे पूर्व पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार हैं:

**१९९३** अनुताई लिमये (महाराष्ट्र) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**१९९४** एस. जी. सुशीलअम्मा (कर्नाटक) - उत्पादन
**१९९५** अनुबेन ठक्कर (गुजरात) - कुटीर उद्योग
**१९९६** सरस्वती गोरा (आंध्र प्रदेश) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**१९९७** डा. रागिनी प्रेम (उत्तर प्रदेश) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**१९९८** मीना अग्रवाल (आसाम) -वित्तीय कार्यक्षेत्र
**१९९९** सिस्टर मैथिली (केरल) - उत्पादन
**२०००** चिनापिल्लई (तमिल नाडु) - कृषि
**२००१** कुतलाकुमारी आचार्य (उड़ीसा) - कुटीर उद्योग
**२००२** कांता त्यागी (मध्य प्रदेश) - कुटीर उद्योग
**२००३** सिस्टर वंदना दाभी (गुजरात) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**२००४** विजयमाला बाजीराव देसाई (महाराष्ट्र) - उत्पादन
**२००५** चेतना गाला सिन्हा (महाराष्ट्र) - बैंकिंग एवं वित्त
**२००६** हीरबाईबेन लोबी (गुजरात) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**२००७** शैला अमृते (महाराष्ट्र) - कृषि प्रक्रिया
**२००८** मल्लम्मा यलावार (कर्नाटक) - कुटीर उद्योग
**२००९** पुष्पा चोप्रा (बिहार) - कुटीर उद्योग
**२०१०** अनिता पॉल (उत्तराखंड) - कुटीर उद्योग
**२०११** रश्मि भारती (उत्तराखंड) - कुटीर उद्योग
**२०१२** जोसफिन सेल्वराज (तमिल नाडु) - कुटीर उद्योग
**२०१३** थिनलास कोरोल (जम्मू और कश्मीर) - पर्यटन
**२०१४** कृष्णा बिश्ट (उत्तराखंड) - कुटीर उद्योग
**२०१५** काना मोंडल (प. बंगाल) - कुटीर उद्योग
**२०१६** पाबीबेन रबारी (गुजरात) - कुटीर उद्योग
**२०१७** शमशाद बेगम (छत्तीसगढ़) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**२०१८** पवित्रा सुंदरेशन (कर्नाटक) - सामाजिक अर्थशास्त्र संबंधी कार्यक्षेत्र
**२०१९** रुमा देवी- लघु उद्योग (राजस्थान)
**२०२१** दुर्गा मल्लू गुडिलु - कोविड - १९ योद्धा (महाराष्ट्र)



# २९ वां आईएमसी-लेडीज़ विंग जानकीदेवी बजाज पुरस्कार - २०२२

## नामांकन पत्र के लिए प्रारुप

**क. व्यक्तिगत विवरण**

१. नामांकित महिला का नाम
२. जन्मतिथि
३. पता
४. टेलीफोन (दफ्तर, आवास व मोबाइल), ई-मेल व फैक्स नं.
५. वेबसाइट

**ख. व्यावसायिक विवरण** (उपयुक्त दस्तावेजों के साथ)

१. गत कुछ वर्षों में किए गए व्यावसायिक कार्यों का ब्यौरा
२. किए गये कार्य का निम्न पर प्रभाव:
(क) ग्रामीण विकास एवं उद्यमशीलता
(ख) आस-पास के क्षेत्र में
(ग) लोगों पर
३. किया गया कार्य किस तरह माना जायेगा.
(क) अद्वितीय
(ख) नई पद्धति
४. कार्य के जारी रहने तथा भावी प्रगति की संभावना
५. संस्थान की आर्थिक स्थिति (कृपया इस वर्ष व गत दो वर्षों की बेलेंस-शीट संलग्न करें)

**ग. अतिरिक्त जानकारी** (उपयुक्त दस्तावेजों के साथ)

१. नामांकित महिला को पहले कोई पुरस्कार/मान्यता प्राप्त हुई है? यदि हाँ, तो उनका ब्यौरा
२. आपकी क्रिया/कार्य की तस्वीर और/या सीडी

**घ. स्व - नामांकन हाँ☐ नहीं☐**

**च. प्रस्तावक का विवरण, अगर हो तो**

१. प्रस्तावक / संदर्भ का नाम
२. प्रस्तावक का पता, टेलीफोन (दफ्तर, आवास व मोबाइल), ईमेल व फैक्स नं
३. प्रस्तावक का हस्ताक्षर

**छ. इस पुरस्कार संबंधित जानकारी आपको किस माध्यम से मिली?**

---

**कृपया उपयुक्त दस्तावेजों के साथ नामांकन की साफ टाइप की हुई २ प्रतियां, कार्य के चित्र (फोटोग्राफ्स) तथा नामांकित महिला के चित्र की दो प्रतियां निम्न पते पर ३० अगस्त, २०२२ तक या उससे पहले भेजें.:** लेडीज़ विंग- आईएमसी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, ३री मंज़िल, आई.एम.सी. बिल्डिंग, आई.एम.सी. मार्ग, चर्चगेट, मुंबई ४०० ०२०. टेलीफोन: +९१ ९८२०९९५३७५
ई-मेल : ladieswing@imcnet.org वेबसाइट : www.imcladieswing.org; www.narishakti.org

IMC
Chamber of Commerce and Industry

आई.एम.सी.–लेडीज़ विंग, आई.एम.सी. बिल्डिंग, ३री मंजिल, चर्चगेट, मुंबई – ४०० ०२०.
फोन: +९१ ९८२०९९५३७५ ई–मेल: ladieswing@imcnet.org

IMC - Ladies' Wing, IMC Building, 3rd Floor, Churchgate, Mumbai - 400 020.
Tel.+91 9820995375 E-mail: ladieswing@imcnet.org

www.narishakti.org
www.imcladieswing.org